सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 343 | इंदौर, मंगलवार 30 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'जब संकल्प और विचार एक हों, तो हर कार्य सफल होता है'

### पीएम मोदी का देश को संदेश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संस्कृत सुभाषित शेयर किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'जब हमारे संकल्प, विचार और मन की भावनाएं एक होती हैं, तब हर कार्य सफल होता है। आइए, एकजुटता के साथ आगे बढ़ें और मिलकर भारतवर्ष के हर लक्ष्य को हासिल करें।'

पीएम ने संस्कृत श्लोक 'समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्। समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि॥' भी साझा किया है। जिसका हिंदी अर्थ है कि हमारे संकल्प समान हों, हमारी सभा एक हो और हमारे हृदय तथा विचारों में पूर्णतः समानता हो। इसी एकता के भाव से मैं आहुति अर्पित करता हूं, जिससे हम मिलकर कार्य करें और सफलता प्राप्त करें।' बीते दिन सोमवार को प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा था, 'दुनिया की अलग-अलग संस्कृतियों का सम्मान करने से लोगों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना बढ़ती है। इससे आपसी समझ और भाईचारा और मजबूत होता है।'

### पीएम मोदी ने दिया संस्कृति और विवेक का संदेश

पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक, 'देशाचारान् समयाञ्जातिधर्मान् बुभूषते यस्तु परावरज्ञः। स तत्र तत्राधिगतः सदैव महाजनस्याधिपत्यं करोति॥' साझा किया था।

इस श्लोक का हिंदी अर्थ है कि विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और सामाजिक नियमों को समझने वाले व्यक्ति में उचित-अनुचित का विवेक विकसित हो जाता है। ऐसा व्यक्ति जहां भी जाता है, वहां सम्मान प्राप्त करता है और श्रेष्ठजनों के बीच अपना प्रभाव स्थापित करता है।

### एकजुट रहने की सीख

इससे पहले 26 जून को प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सुभाषित शेयर किया था। उन्होंने संस्कृत श्लोक 'सङ्गच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे, सञ्जानाना उपासते॥' साझा किया था। इस श्लोक का हिंदी अर्थ है कि हम सब साथ मिलकर चलें, एक सुर में बोलें और हमारे मन व विचार एक हों। जिस प्रकार प्राचीनकाल में देवता एकमत होकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते थे, ठीक उसी तरह हमें भी हमेशा एकता और सौहार्द के साथ कार्य करना चाहिए।

# मुरैना की 440 मेगावाट सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना बनेगी ऊर्जा क्षेत्र का नया मॉडल

## मुख्यमंत्री बोले-यह युगांतरकारी पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोमवार को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी की मौजूदगी में 440 मेगावाट क्षमता वाली मुरैना सोलर प्लस बैटरी स्टोरेज परियोजना के लिए विद्युत खरीद समझौते (पावर परचेज एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में 'युगांतरकारी पहल' बताते हुए कहा कि यह परियोजना भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए 2.70 रुपये प्रति यूनिट की प्रतिस्पर्धी दर प्राप्त हुई है, जो इस श्रेणी की परियोजनाओं में देश की अब तक की सबसे कम दरों में शामिल है। इससे प्रदेश को सस्ती और स्वच्छ बिजली उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका आधुनिक बैटरी ऊर्जा भंडारण मॉडल है, जिसमें एक ही बैटरी का प्रतिदिन दो बार उपयोग किया जा सकेगा। इससे बिजली की उपलब्धता अधिक प्रभावी होगी और सौर ऊर्जा का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा।




### नवीकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश सबसे तेज़ी से आगे बढ़ रहा : जोशी

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्य इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश सबसे तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है और लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सौर ऊर्जा को नई पहचान मिली है। पहले सूर्य की ऊर्जा का व्यापक उपयोग नहीं हो पाता था, लेकिन आज भारत दुनिया के अग्रणी सौर ऊर्जा उत्पादक देशों में शामिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपने ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बिजली आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। विज्ञान और तकनीक के विकास के साथ ऊर्जा उत्पादन के नए-नए विकल्प सामने आए हैं। सौर ऊर्जा, पम्प स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज, जलविद्युत और तापीय ऊर्जा जैसे विभिन्न स्रोत मिलकर देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मुरैना की यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की दूरदर्शी सोच का उदाहरण है।

### ● सरकारी भवनों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने की तैयारी

केंद्रीय मंत्री जोशी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रदेश के सभी सरकारी भवनों को चरणबद्ध तरीके से सोलर ऊर्जा से जोड़ने का आग्रह किया है। लक्ष्य है कि अगले एक वर्ष के भीतर अधिकतम सरकारी भवनों का सोलराइजेशन किया जाए, जिससे बिजली खर्च में कमी आए और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिले।

# घरों में वाटर हार्वेस्टिंग करने पर निगम देगा संपत्तिकर में दस प्रतिशत की छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इस साल जलसंकट के कारण लोगों ने खूब परेशानियां झेली। इस जलसंकट ने नगर निगम की चिंता भी बढ़ा दी है और अब मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने वाटर हार्वेस्टिंग करने वालों को संपत्तिकर में 10 प्रतिशत छूट देने का फैसला लिया है।**



पिछले दिनों हुई महापौर परिषद की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई थी और अब सोमवार को आदेश भी जारी हो गए। शहर में पांच लाख से अधिक संपत्तिकर धारक हैं, जिन्हें इसका फायदा मिल सकता है। पहले यह छूट छह प्रतिशत थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इस साल शहर में जलसंकट की सबसे बड़ी वजह शहर में निजी बोरिंगों का जल्दी सूखना था। शहर के ज्यादातर इलाके नर्मदा जल पर आश्रित हो गए थे। नगर निगम को 600 टैंकर किराए पर लेकर जल वितरण के काम में लगाना पड़ा, लेकिन जलसंकट से सबक लेकर अब नगर निगम वाटर रिचार्जिंग पर जोर दे रहा है। पहले निगम ने शहर में सर्वे कराया कि किन-किन घरों में बोरिंग है और वहां वाटर रिचार्जिंग की व्यवस्था है या नहीं। जिन परिवारों ने वाटर रिचार्जिंग नहीं की थी, उन्हें नोटिस थमाए गए और रिचार्जिंग करने के लिए कहा गया। जिन इलाकों में ज्यादा और जल्दी बोरिंग सूखे हैं, वहां वाटर रिचार्जिंग पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। विजय नगर, स्कीम-78, नंदानगर, स्कीम-136, पलासिया, श्रीनगर, जूनी इंदौर सहित कई इलाकों में इस बार बोरिंग जल्दी सूखे हैं। वाटर रिचार्जिंग को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम ने अब छूट देने का भी ऐलान किया है। शहर में निजी बोरिंग करने वालों के लिए वाटर रिचार्जिंग अनिवार्य भी कर दिया गया है। इस बार जून माह में बारिश कम हुई है, लेकिन बीते चार दिनों की बारिश से कई बोरिंगों में पानी की मात्रा बढ़ गई है और अब टैंकरों की मांग भी कम हो गई है।

# यशवंत क्लब चुनाव में जीतू जैन बने अध्यक्ष



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। यशवंत क्लब के द्विवार्षिक चुनाव में इस बार कांटे का मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर हैप्पी वायसी पैनल के जितेंद्र (जीतू) जैन ने ग्लोरियस वायसी पैनल के परमजीत सिंह (पम्मी) छाबड़ा को 65 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही क्लब परिसर में समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया।**

मतगणना के शुरुआती दौर में जीतू जैन ने बढ़त बनाई, लेकिन तीसरे और चौथे राउंड में पम्मी छाबड़ा ने अंतर काफी कम कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम राउंड की गिनती के बाद जीतू जैन को 1363 वोट, जबकि पम्मी छाबड़ा को 1298 वोट मिले। इस तरह जीतू जैन ने 65 वोटों से जीत हासिल की। क्लब के कुल 5124 सदस्यों में से 2687 सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 26 मत निरस्त घोषित किए गए। सचिव पद पर हुए त्रिकोणीय मुकाबले में हैप्पी वायसी पैनल के विजय कुमार कस्तूरी ने 982 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने ग्लोरियस वायसी पैनल के अतुल शेठ (929 वोट) और निर्दलीय प्रत्याशी कुलविंदर सिंह गिल (751 वोट) को हराया। पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रूपल पारेख ने 1828 वोट प्राप्त कर सतीश मंगलानी को 986 वोटों के बड़े अंतर से हराया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुनीत सिंह चड्ढा, राजेश तलवार, वैभव दुआ, भारती बारोडिया और विकास थम्मन विजयी रहे। चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया कि क्लब के सदस्यों ने इस बार हैप्पी वायसी पैनल पर भरोसा जताया। परिणाम घोषित होते ही क्लब परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने ढोल की थाप पर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। देर रात तक जश्न का सिलसिला चलता रहा। निवर्तमान अध्यक्ष टोनी सचदेवा ने कहा कि सदस्यों ने उनकी टीम पर विश्वास जताया है। नई कार्यकारिणी क्लब के विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान को लागू करेगी। वहीं निवर्तमान सचिव संजय गोरानी ने कहा कि नई टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम करेगी।

# मालवा जर्नलिस्ट फोरम की बैठक में लिए पत्रकारों के हितों के निर्णय



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** मालवा जर्नलिस्ट फोरम की बैठक एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमो में सदस्यों की सहभागिता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार ने संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई।

सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए फोरम हमेशा प्रतिबद्ध है और उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी। पत्रकारों के स्वास्थ्य, मनोरंजन और उनके कौशल विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सदस्यों ने अपने सार्थक विचार और महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता शर्मा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह राजपूत, गिरीश कानूनगो, अशोक शर्मा, कल्याणसिंह चांदना, रामकिशोर लोवंशी, सुल्तान किरमानी, दिनेश देशमुख, सुधीर वर्मा, शुभम अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

# पदभार संभालते ही नेता प्रतिपक्ष का हमला



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालने के बाद कांग्रेस की वरिष्ठ पार्षद सोनिला मिमरोट ने निगम प्रशासन और भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने नगर निगम मुख्यालय की फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर चिंता जताई और विभिन्न मामलों में पारदर्शी जांच की मांग की।

मिमरोट ने कहा कि नगर निगम परिसर के विभिन्न विभागों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं दिखाई देती। उन्होंने दावा किया कि यदि किसी प्रकार की आगजनी जैसी घटना होती है तो महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रिकॉर्ड को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि नगर निगम में सामने आए विभिन्न विवादों और कथित घोटालों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। उन्होंने हाल ही में चर्चा में रहे संपत्ति नामांतरण प्रकरण का भी उल्लेख किया। मिमरोट का कहना है कि इस मामले में कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कराई जानी चाहिए, ताकि तथ्य सामने आ सकें और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो सके। गौरतलब है कि हाल ही में कांग्रेस संगठन ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे की जगह सोनिला मिमरोट को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया और विपक्ष की भूमिका को मजबूती से निभाने का संकल्प जताया। पदभार ग्रहण करने से पहले मिमरोट संविधान की प्रति हाथ में लेकर नेता प्रतिपक्ष कक्ष पहुंचीं। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने विधिवत अपनी नई जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 6 जुलाई को लगेगा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई 2026 (सोमवार) को एक दिवसीय "युवा संगम" रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर), पोलोग्राउंड इंदौर में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

उप संचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें जे.जे. इंडस्ट्रीज, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, आईटीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कटारिया ग्रुप सहित अन्य संस्थान शामिल रहेंगे। इन कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें डिजिटल मार्केटिंग, अकाउंटेंट, बीपीओ, बैंक ऑफिस, कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, सुपरवाइजर तथा तकनीकी पद जैसे फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट आदि शामिल हैं।

इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष तक के ऐसे आवेदक भाग ले सकते हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर, बी.फार्मा, आईटीआई एवं डिप्लोमा तक हो। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियाँ साथ लाने की अपील की गई है। जिला रोजगार कार्यालय ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारने का आग्रह किया है।

# हादसे के दो हफ्ते बाद भी मरम्मत नहीं

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर।** सियागंज स्थित पटेल ब्रिज पर हुए हादसे को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन अब तक पुल की स्थायी मरम्मत शुरू नहीं कर पाया है। मध्यप्रदेश के सबसे बड़े किराना व्यापारिक केंद्र सियागंज में स्थित इस पुल की टूटी रेलिंग और अधूरी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने केवल औपचारिकता निभाते हुए कुछ सीमेंट के पिलर लगा दिए, जबकि क्षतिग्रस्त रेलिंग, लोहे की जालियां और मलबा अब भी मौके पर पड़ा हुआ है। करीब दो सप्ताह पहले पानी से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पटेल ब्रिज पर कई वाहनों को टक्कर मारते हुए रेलिंग तोड़कर जा घुसा था। हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसमें दुर्घटना की भयावहता साफ दिखाई दी थी। गनीमत रही कि टैंकर पुल से नीचे नहीं गिरा, वरना नीचे मौजूद दुकानों और व्यस्त गली में बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पुल पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। इससे पहले एक कार भी पुल से नीचे गिर चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। लगातार दुर्घटनाओं के बाद भी पुल की सुरक्षा की अनदेखी पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# यादव समाज कोर कमेटी ने किया गौशाला का शुभारंभ

## ● पौधारोपण के साथ मंत्रोच्चारण के बीच हुआ गौ पूजन



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। यादव समाज प्रमुख कार्यसमिति (कोर कमेटी) द्वारा ग्राम पालिया रेलवे स्टेशन स्थित स्व. जमनाप्रसाद यादव (ठेकेदार) की स्मृति में निर्मित गौशाला का संचालन किया जाना तय किया गया है, जिसके लिए गौपूजन, गौशाला का शुभारंभ और गौशाला प्रबंध समिति का गठन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण सर्वश्री इंजीनियर पुरुषोत्तम यादव, पूर्व आईजी अशोक यादव, डॉ. रमण यादव, कैलाशचंद्र यादव और कैलाश व्यास ने भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया, तत्पश्चात सभी ने गौमाता का पूजन कर चुनरी अर्पित की। मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र पहना के स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्व.जमानप्रसाद जी यादव (ठेकेदार) के परिवार विनय यादव गोलू, अभिषेक यादव का गौसेवा के लिए शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। प्रारंभ में प्रमुख मार्गदर्शक इंजी.पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि गौ पूजन से पुण्य प्राप्त होता है। जहां पंचगव्य से पवित्र भावना का संचार होकर वातावरण शुद्ध होता है, गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता हैं। गौमाता के गले एवं पीठ पर हाथ फेरने से ब्लड प्रेशर खत्म हो जाता है, वहीं गौमूत्र के सेवन करने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

अध्यक्ष गुलशन यादव ने कहा कि मालवा-निमाड़ में स्वच्छता के सिरमौर इंदौर शहर में एक मात्र यादव समाज कोर कमेटी ने गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी ली है। आगे चलकर यहां भव्य राधा-कृष्ण के मंदिर की स्थापना कर तीज-त्योहार पर आयोजन में समाजबंधु शामिल होंगे। ग्राम पालिया के कैलाश चंद्र यादव,कैलाश व्यास,प्रकाश व्यास के अलावा नरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, अभिषेक यादव के साथ 6 साथियों की टीम गौशाला की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मीडिया सेल प्रभारी विनय यादव का विशेष योगदान रहा है।

तलावली चांदा तालाब पर कर लिया था कब्जा

# निगम ने तोड़ी 14 पक्की दुकानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तालाबों पर वर्षों से अतिक्रमण होता रहा है, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण तालाबों में पानी आने का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो गया। इंदौर के तलावली चांदा तालाब पर अतिक्रमणकारियों ने लगभग 100 मीटर लंबी और 4 मीटर ऊंची पक्की दीवार बना ली थी। इसके अलावा वहां निर्माण की तैयारी भी चल रही थी। साथ ही, 14 पक्की दुकानें भी बना ली गई थीं। अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने पर पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए। नोटिस के बावजूद कब्जे नहीं हटाए गए तो सोमवार सुबह नगर निगम का अमला जेसीबी और श्रमिकों के साथ मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान 14 दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया तथा पक्की दीवार भी तोड़ दी गई। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि अवैध कब्जों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है, ताकि तालाबों का मूल स्वरूप सुरक्षित रहे और वर्षा जल के प्राकृतिक प्रवाह में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



उन्होंने बताया कि तलावली चांदा तालाब में पिछले कुछ वर्षों से पानी कम भर रहा था। अब तालाब में पानी लाने वाले प्राकृतिक चैनलों की भी सफाई कराई जाएगी। नगर निगम अधिकारियों ने शहर के अन्य तालाबों के आसपास भी अतिक्रमण चिन्हित किए हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार को सिरपुर तालाब का भी निरीक्षण किया। बारिश के दौरान तालाब का पानी आसपास की बस्ती के कुछ घरों में घुस जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निचले हिस्से में वर्षा जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए तथा जिस मार्ग से पानी निकलता है, उसकी चौड़ाई बढ़ाई जाए, ताकि पानी तेजी से निकासी कर सके।इसके बाद उन्होंने कबीटखेड़ी स्थित 120 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# सोनम रघुवंशी को राहत जमानत रखी बरकरार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिलांग ले जाकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या करने वाली सोनम रघुवंशी की जमानत को लेकर हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने सोनम रघुवंशी की जमानत बरकरार रखी है। उसे जमानत की शर्तों का पालन करना होगा और वह शिलांग छोड़कर नहीं जा सकती है।**

सोनम की जमानत होने के बाद शिलांग पुलिस की तरफ से जमानत रद्द कराने को लेकर याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को फैसला आया और सोनम को इससे राहत मिली। पिछले साल जून माह में शिलांग पुलिस ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाई थी और सोनम, उसके प्रेमी राज सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया था। दरअसल, जब सोनम को गाज़ीपुर से गिरफ्तार किया गया था, तब गलत धारा में प्रकरण दर्ज किया गया था। इसी आधार पर सोनम के वकील ने जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था। कोर्ट ने सोनम की जमानत मंजूर कर ली थी। पुलिस ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सोनम की जमानत होने के बाद इस हत्याकांड में जेल में बंद राज और उसके तीन दोस्तों ने भी जमानत आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन चारों का जमानत आवेदन निरस्त हो गया था। अब फिर से आरोपी जमानत आवेदन प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहे हैं। इस केस में अब ट्रायल शुरू हो चुका है और गवाहों के बयान जारी हैं। पुलिस ने गवाहों को प्रभावित करने और हत्या में सोनम की संलिप्तता के सबूतों का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत निरस्त करने की मांग की थी।

# ब्राउन शुगर और 8 किलो गांजा के साथ मिली नोट गिनने की मशीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस और नशीले पदार्थों की पैकिंग (रीपैकिंग) में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य साथियों की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता ने बताया कि इस कार्रवाई की शुरुआत 22 जून को हुई थी। उस दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लकी नाथ नामक आरोपी को 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में लकी ने बताया कि उसे ब्राउन शुगर की सप्लाई चेतन नाथ करता है। इसके बाद पुलिस ने



बैक ट्रैकिंग करते हुए चेतन नाथ (36), निवासी नॉर्थ मोहल्ला, द्वारकापुरी की तलाश शुरू की। पुलिस ने चेतन नाथ को राजबाड़ा क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने पास और भी मादक पदार्थ होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर द्वारकापुरी स्थित घर पहुंची, जहां तलाशी के दौरान पुलिस भी बरामदगी देखकर हैरान रह गई। घर से पुलिस ने 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस और नशीले पदार्थों की पैकिंग में उपयोग होने वाला सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चेतन नाथ ने खुलासा किया कि वह राजस्थान के प्रतापगढ़ से ब्राउन शुगर लाकर इंदौर में सप्लाई करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसके संपर्क में कौन-कौन लोग हैं और सप्लाई चेन कितनी बड़ी है। डीसीपी सुनील मेहता के मुताबिक चेतन नाथ पिछले कई वर्षों से अपनी बहन और कुख्यात ड्रग्स तस्कर सीमा नाथ के साथ मिलकर ब्राउन शुगर और गांजे की तस्करी कर रहा था। दोनों मिलकर शहर में नशीले पदार्थों की सप्लाई का नेटवर्क संचालित करते थे। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष चेतन नाथ को द्वारकापुरी पुलिस ने अपहरण के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अप्रैल 2026 में जेल से छूटने के बाद उसने फिर से नशे का कारोबार शुरू कर दिया। वह अपने अन्य साथियों के माध्यम से शहर में मादक पदार्थों की सप्लाई करवा रहा था। पुलिस अब उसके सहयोगियों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

# साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता की मुहिम; 'सेफ क्लिक 2.0'



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में सोमवार को 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल पैदल रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। रैली में संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव आरक्षक प्रशिक्षुओं के साथ पीटीसी के राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत पीटीसी के परेड मैदान से हुई और यह डेली कॉलेज रोड, जिला जेल रोड, लोक सेवा आयोग कार्यालय तथा रेसिडेंसी क्षेत्र से होकर पुनः पीटीसी परिसर में संपन्न हुई।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

## केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने लॉन्च की नई डिजीटल स्वास्थ्य पहलें

# भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल

**भोपाल। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित 'डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स लॉन्च कार्यक्रम' में आरोग्य सेतु 2.0 सहित कई नई डिजिटल स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक एकीकृत, सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है।**

शुभारंभ की गई प्रमुख पहलों में आरोग्य सेतु 2.0, आयुष्मान ऐप, आयुष्मान सारथी व्हाट्सएप चैटबॉट, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज (एनएचसीएक्स), यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस (यूएचआई), ई-सुश्रुत क्लिनिक, ड्रग रजिस्ट्री, कॉमन LOINC कोड्स फॉर इंडिया (सीएलसीआई) तथा भारत हेल्थ टर्मिनोलॉजी सर्विस (बीएचटीएस) शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि 90 करोड़ से अधिक आभा खाते और 100 करोड़ से अधिक डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनने के साथ भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि आरोग्य सेतु 2.0 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त लोगों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, आयुष) प्रतापराव जाधव, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. एम. श्रीनिवास, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव एवं आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




### म.प्र. को पीएम-केयर्स के तहत आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों की सौगात

मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इसके तहत आगामी तीन वर्षों में पीएम-केयर्स के माध्यम से प्रदेश को 13 एमआरआई मशीनें, 11 मैमोग्राफी मशीनें तथा 308 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य एवं निदान (डायग्नोस्टिक) सेवाओं को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी तथा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएम-केयर्स के माध्यम से उपलब्ध होने वाले अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देंगे तथा विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## दंपति पर पेड़ गिरा मौके पर हो गई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार शाम बाइक से गुजर रहे एक दंपति पर अचानक एक सूखे पेड़ की भारी-भरकम डाल गिर गई। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जबलपुर के दीक्षितपुरा निवासी आशीष जैन (50) और उनकी पत्नी शोभा जैन (45) के रूप में हुई है। मृतक आशीष जैन के भतीजे शुभम जैन ने बताया कि उनके बुआ और फूफा सोमवार को प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर में बड़े बाबा के दर्शन करने गए थे। वहां से दर्शन लाभ लेकर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे और सोमवार शाम को उन्हें तेजगढ़ स्थित अपने रिश्तेदार के घर आना था। इसी दौरान रास्ते में परासई गांव के पास वे इस हादसे का शिकार हो गए।



## मुरैना में अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार, 7 बाइक जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना में कोतवाली पुलिस ने एक मामले में फरार चल रहे अंतर्राज्यीय शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उससे अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 269/26 के तहत फरार चल रहे आरोपी हरेंद्र उर्फ हरिओम गुर्जर पुत्र बिरेंद्र गुर्जर निवासी पंछीपुरा, थाना कौलारी, तहसील सैंपऊ, जिला धौलपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने सात मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की सातों बाइक बरामद कर लीं। बरामद वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने मुरैना, भिंड और राजस्थान के धौलपुर क्षेत्र में भी बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अब इन मामलों की भी जानकारी जुटा रही है और संबंधित थानों से संपर्क किया जा रहा है।

कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई पवन भदौरिया ने बताया कि आरोपी शातिर वाहन चोर है। उसके कब्जे से सात चोरी की बाइक बरामद की गई हैं। आरोपी से अन्य वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में कई और मामलों का खुलासा हो सकता है।



## महिला को बांधकर पीटा बच्ची को बाथरूम में पटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। तीसरी मंजिल पर एक महिला के घर में बदमाश घुस गए। उन्होंने महिला के हाथ-पैर बांध दिए। विरोध करने पर मारपीट की। 4 महीने की बेटी को बाथरूम में छोड़ दिया। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोड़कर 10 हजार रुपए नकद और मोबाइल लूट लिया। जाते-जाते महिला की कटी हुई चोटी भी साथ ले गए।**

जानकारी के मुताबिक, घटना सोमवार दोपहर करीब 1:40 बजे की है। हनुमान रुंडी इलाके में रहने वाले रुपेश सोलंकी बाजना बस स्टैंड स्थित अपनी हेयर सैलून की दुकान पर थे। घर में उनकी पत्नी मोनिका चार महीने की बेटी काव्या के साथ तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में थीं। पीड़िता ने बताया कि अचानक दो बदमाश कमरे में घुस आए। शोर मचाने की कोशिश करने पर उन्होंने डराया-धमकाया, हाथ-पैर बांध दिए और चोटी काट दी। महिला ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन डर और सदमे से बेहोश हो गई। इसी दौरान बदमाश उसकी चार महीने की बेटी को उठा ले गए। महिला को बंधक बनाने के बाद बदमाश चार महीने की काव्या को बाथरूम में छोड़ गए। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोड़कर 10 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। जाते-जाते महिला की कटी हुई चोटी भी साथ ले गए।

## पुलिस अब ड्रोन से फेंकेगी आंसू गैस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पुलिस आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का उपयोग करने की तैयारी कर रही है। ड्रोन में लगे कैमरों से पहले यह देखा जाएगा कि भीड़ कहां पर है। कहां पर गोले गिराना प्रभावी रहेगा। इसी आधार पर गोले गिराए जाएंगे। इसके लिए पुलिस मुख्यालय 40 ड्रोन खरीद रहा है। एक ड्रोन की कीमत लगभग 14 लाख रुपये होगी। बीएसएफ टेकनपुर के माध्यम से खरीदी की जाएगी। सभी जिलों को एक-एक ड्रोन देने की तैयारी है। ऐसे में 55 में से 40 जिलों में ड्रोन उपलब्ध रहेगा। बाकी जिलों में आवश्यकता के अनुसार आसपास के जिलों से ले जाया जाएगा। कुछ राज्य इसका उपयोग पहले से कर रहे हैं, पर मध्य प्रदेश में पहली बार इसकी खरीदी की जा रही है।

## 3 लड़कों ने बच्ची से किया गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** जिले में 9 साल की बच्ची से 3 नाबालिग लड़कों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने जंगल में लेकर जाकर वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद बच्ची रोते हुए घर पहुंची। तीनों आरोपियों की करतूत परिजन को बताई। परिजन ने पचोर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पचोर पुलिस के अनुसार, पीड़िता तीसरी कक्षा में पढ़ती है। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे वह गांव के पास जंगल में बकरी चराने गई थी। इसी दौरान गांव का 12 वर्षीय एक किशोर भी बकरियां चरा रहा था। उसके साथ खजूर खाने के लिए जंगल पहुंचे दो अन्य किशोर भी वहां आ गए। इसी दौरान तीनों ने पहले छात्रा को घर-घर खेलने का बहाना बनाया। इसके साथ ही खजूर खिलाएंगे बोलकर जंगल की ओर ले गए। जंगल के भीतर सुनसान इलाके में पहुंचे, जहां आसपास कोई मौजूद नहीं था। इस दौरान आरोपियों ने बारी-बारी से वारदात को अंजाम दिया। बच्ची को छोड़कर मौके से भाग गए।

## संपादकीय

# इथेनॉल आवंटन विवाद: राष्ट्रीय नीति बनाम न्यायिक हस्तक्षेप

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को एक ऑयल मार्केटिंग कंपनी की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। कंपनी का कहना है कि कर्नाटक हाईकोर्ट का हालिया आदेश—जिसमें 2025-26 के लिए इथेनॉल आवंटन की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने को कहा गया है (जबकि यह प्रक्रिया पहले ही पूरी और लागू हो चुकी है)—पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाने की राष्ट्रीय नीति को अस्थिर कर देगा। हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए जिसमें ओएमसी को वीआईएनपी डिस्टिलरीज एंड शुगर्स के लिए इथेनॉल आवंटन बढ़ाने पर विचार करने को कहा गया था, अटॉर्नी जनरल आर.वेंकटरमणी ने जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की बेंच से भारत पेट्रोलियम की याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। याचिका में बताया गया है कि इथेनॉल सप्लाई के कॉन्ट्रैक्ट अक्टूबर 2025 में ही पूरे हो चुके थे। वेंकटरमणी ने कहा कि इथेनॉल आवंटन की प्रक्रिया 17 अक्टूबर, 2025 को पूरी हो गई थी और 378 सप्लायरों को कुल 1,050 करोड़ लीटर इथेनॉल की सप्लाई के लिए आवंटन की जानकारी दी गई थी, जिसमें से 18 जून तक उनके द्वारा 680 करोड़ लीटर की सप्लाई पहले ही की जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि अगर किसी एक सप्लायर का कोटा बढ़ाया जाता, तो वैसी ही स्थिति वाले दूसरे सप्लायर भी बराबरी का दावा करते, जिससे कानूनी विवादों का सिलसिला शुरू हो जाता और सप्लाई चेन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो जाती।भारत पेट्रोलियम, पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाने के लक्ष्य वाले इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल प्रोग्राम के लिए इंडस्ट्री कोऑर्डिनेटर है। इसके लिए टेंडर नोटिस के बाद कुल 1,759 करोड़ लीटर इथेनॉल की सप्लाई के लिए ऑफर मिले थे।

**अर्ज किया है..!**

*हमसे कहा गया था कि*
*आयेगा राम राज*
*ख़बरें मिली हैं चोरी की*
*मंदिर से राम के*


*- अस्तित्व 'अंकुर'*

**Health is Wealth**

# अलर्ट! WHO ने बताई कैंसर पैदा करने वाली टॉप 10 चीजें

## नंबर 1 भारत में है पॉपुलर

**कैंसर दुनिया की सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है। इसका नाम सुनते ही लोगों में दहशत बैठ जाती है। चिंता वाली बात है कि इसके मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोग अक्सर सवाल करते हैं कि कैंसर पैदा करने वाली चीजें कौन सी हैं। इन्हें 'कार्सिनोजेन' यानी कैंसर पैदा करने वाले तत्व कहा जाता है। लंबे समय तक अगर इनके सम्पर्क में रहा जाए तो कैंसर होने के चांस काफी बढ़ जाते हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. वर्तिका विश्नानी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए टॉप 10 कार्सिनोजेन के बारे में बताया है, जिन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ग्रुप 1 की श्रेणी में रखता है। हैरानी की बात है कि इनमें से कई चीजें हमारी डेली लाइफ का भी हिस्सा हैं। तो आइए जानते हैं ये टॉप 10 कैंसर पैदा करने वाली चीजें क्या हैं-**



### नंबर 10- सूरज की यूवी किरणें

ऑन्कोलॉजिस्ट इस लिस्ट में नंबर 10 पर सूरज से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणें यानी यूवी रेडिएशन को रखती हैं। डॉक्टर कहती हैं कि लंबे समय तक इनके सम्पर्क में रहने से स्किन पर टैनिंग बैड्स बन जाते हैं, जो कुछ मामलों में कैंसर का कारण भी बन सकते हैं। इसलिए सनस्क्रीन अप्लाई करना बहुत जरूरी माना जाता है।

### नंबर 9- अफ्लाटॉक्सिन

डॉक्टर बताती हैं कि ये तत्व आमतौर पर स्टोर कर के रखे हुए अनाजों में बनता है। खासकर बरसात के मौसम में जब आप गेहूं, मूंगफली या किसी अनाज को स्टोर कर के रखते हैं और उसपर किसी तरह की ग्रोथ हो रही है; तो उसे खाना अवॉइड करें। इसमें अफ्लाटॉक्सिन रिलीज हो सकता है, जो कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है।

### नंबर 8- प्रोसेस्ड मीट

मार्केट में मिलने वाला प्रोसेस्ड मीट खाना भी अवॉइड करना चाहिए। WHO के तहत इसे ग्रुप 1 कार्सिनोजेन में रखा गया है। इसमें सॉसेज, बेकन, सलामी, हॉट डॉग और हैम जैसी चीजें शामिल हैं।

### नंबर 7- वायु प्रदूषण

वायु प्रदूषण भी कैंसर पैदा करने वाले मुख्य कारकों में से एक है। डॉक्टर सलाह देती हैं कि बाहर निकलने पर N-95 मास्क लगाएं और घर में एयर प्यूरीफायर लगाने को गंभीरता से लें।

### नंबर 6- हेपेटाइटिस बी और सी

हेपेटाइटिस बी और सी ऐसे वायरस हैं, जो लिवर को संक्रमित करते हैं। अगर ये इन्फेक्शन लंबे समय तक बना रहे तो लिवर कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### नंबर 5- ह्यूमन पैपिलोमा वायरस

ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) एक कॉमन वायरस है, जिसके लंबे समय तक बने रहने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। डॉ वर्तिका कहती हैं कि कैंसर के खतरे को कम करने के लिए वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है। साथ ही नियमित स्क्रीनिंग समय रहते हो रहे बदलावों का पता लगाने में मदद करती है।

### नंबर 4- अल्कोहल

अल्कोहल कंज्यूम करना कैंसर के सबसे बड़े कारकों में से एक है। जो लोग जितना ज्यादा ड्रिंक करते हैं, उनमें उतना ज्यादा कैंसर का रिस्क बढ़ जाता है।

### नंबर 3- पैसिव स्मोकिंग

डॉ वर्तिका कहती हैं कि अगर आप स्मोकिंग नहीं भी करते हैं, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में रहते हैं जो स्मोकिंग करता है; तो कैंसर का रिस्क आप में भी बढ़ जाता है। इसे ही पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है, जब आप बिना धूम्रपान किए ही स्मोक के संपर्क में आते हैं।

### नंबर 2- तंबाकू

ये बात हम सभी जानते हैं कि तंबाकू का नियमित सेवन कैंसर के सबसे बड़े कारणों में से एक है। तंबाकू खाने से गले, मुंह, फेफड़े, भोजन नली और कई अन्य तरह के कैंसर होने का रिस्क काफी ज्यादा बढ़ जाता है। अगर आप सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, खैनी या गुटखा जैसे किसी भी आइटम का सेवन कर रहे हैं, तो आज ही बंद कर दें।

### नंबर 1- सुपारी

बहुत से लोग सुपारी को डेली बेसिस पर खाते हैं। उन्हें लगता है कि ये तंबाकू या सिगरेट जितनी खतरनाक नहीं है, लेकिन ये धारणा पूरी तरह गलत है। डॉ वर्तिका कहती हैं कि सुपारी को घंटों मुंह में रखने से ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस डेवलप हो जाता है, जो कैंसर को जन्म दे सकता है।

Uttarpradesh

## यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक से जा भिड़ी वोल्वो

# 4 यात्रियों की मौत और 19 घायल

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे की जानकारी सामने आ रही है. बताया जा रहा है कि लखनऊ से नोएडा की तरफ जा रही एक वोल्वो बस आगे चल रहे ट्रेलर से टक्करा गई, जिसमें चार यात्रियों की मौत हो गई और उन्नीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

पुलिस ने बताया कि मथुरा स्थित राया थाना क्षेत्र यमुना एक्सप्रेस-वे माइलस्टोन 112 के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने आस-पास के लोगों के साथ मिलकर तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी 19 घायल यात्रियों



को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है.

पुलिस ने बताया कि हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. पुलिस टीम ने मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया और उनकी पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जानकारी के अनुसार, ये हादसा उस वक्त हुआ, जब लखनऊ से नोएडा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बस अचानक सामने चल रहे ट्रेलर (ट्रक) से टकरा गई. हादसे के वक्त बस में सवार करीब 65 यात्रियों सवार थे जो अपनी-अपनी सीटों पर सो रहे थे, तभी जोरदार धमाके के साथ बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई.

Gujrat

## भरोसा पड़ा भारी!

# जिस कर्मचारी को 15 दिन पहले दोबारा रखा वही ले उड़ा 30 लाख की ज्वेलरी



**सूरत, (एजेंसी)** सूरत के हीरा और सोना कारोबार के प्रमुख केंद्र महिधरपुरा इलाके से चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. भवानीवड मेन रोड स्थित 'सांधा ज्वेलर्स' के ज्वेलरी निर्माण कारखाने से एक कर्मचारी करीब 30.42 लाख रुपये मूल्य का सोना और हीरा चोरी कर फरार हो गया. पूरी घटना फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. फुटेज के आधार पर महिधरपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, पीपलोद इलाके में रहने वाले और मूल रूप से पश्चिम बंगाल के निवासी प्रदीप कुमार चंद्रनाथ माइती महिधरपुरा में सोने और हीरे के आभूषण बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं. आरोपी कर्मचारी संजुब साध्य उर्फ तपन, जो पश्चिम बंगाल के हुगली का रहने वाला है, पहले भी पांच साल तक इसी फैक्ट्री में काम कर चुका था. पुराने भरोसे के चलते उसे 2 जून को दोबारा 25 हजार रुपये मासिक वेतन पर नौकरी पर रखा गया था.

घटना 17 जून की सुबह की है. फैक्ट्री के मैनेजर सुदीप कुमार दास ने संजुब से लॉकर में रखे आभूषण निकालकर काम शुरू करने के लिए कहा. इसके बाद मैनेजर किसी काम से ऊपर के फ्लोर पर चले गए. पुलिस के मुताबिक इसी दौरान संजुब ने मौका पाकर लॉकर से सोना और हीरे निकाल लिए और कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री से फरार हो गया.

Jammu

# जवानों की बस पलटी



**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को माता वैष्णो देवी मंदिर के ताराकोट मार्ग पर सीआईएसएफ जवानों को लेकर जा रही एक बस पलट गई। हादसे में 8 सीआईएसएफ जवान और बस चालक घायल हो गए। इनमें तीन जवानों की हालत गंभीर बताई गई है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के समय सीआईएसएफ के जवान ड्यूटी पूरी कर मंदिर क्षेत्र से अपने कैंप लौट रहे थे। इसी दौरान ताराकोट मार्ग पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल सैमी कुमार, हेड कांस्टेबल एम.एम. दुबे और कांस्टेबल पी.के. त्राया को इलाज के लिए नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

Uttarpradesh

# राम मंदिर जाने से पहले अजय राय गिरफ्तार!

## होटल से उठा ले गई पुलिस, पत्नी ने जताई चिंता

**अयोध्या, (एजेंसी)** यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को राम मंदिर जाने से पहले ही गिरफ्तार कर पुलिस अपने साथ लेकर चली गई है। अजय राय ने कांग्रेस के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को राम मंदिर जाकर रामलला का दर्शन करने का ऐलान किया था। अयोध्या के श्री पैलेस होटल में ठहरे अजय राय को सोमवार देर रात पहले हाउस अरेस्ट करने की बात सामने आई थी। इसके बाद अजय राय ने एक्स पर अपनी गिरफ्तारी की जानकारी दी और पुलिस पर जीप में बैठाकर कहीं लेकर जाने की बात कही। अजय राय की पत्नी रीना राय ने भी इसे लेकर चिंता जताई है। देर रात जीप से अजय राय को लेकर जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर गरमाई सियासत के बीच यूपी कांग्रेस ने अजय राय की अगुवाई में पार्टी के नौ सदस्यी प्रतिनिधिमंडल के



मंगलवार को अयोध्या में रामलला का दर्शन करने का ऐलान किया था। प्रतिनिधिमंडल में अजय राय के साथ अमेठी से सांसद केएल शर्मा, सीतापुर से सांसद राकेश राठौर, इलाहाबाद से सांसद उज्ज्वल रमण सिंह, बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया, महराजगंज की फरेंदा सीट से विधायक वीरेंद्र चौधरी, बाराबंकी के पूर्व सांसद एपी गौतम, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह और बाराबंकी की कुर्सी सीट से विधायक रहीं मीता गौतम को शामिल किया गया था।

## खेल

### फीफा विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर!

# पराग्वे ने 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**बोस्टन, (एजेंसी)** चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी का फीफा विश्व कप 2026 अभियान राउंड ऑफ 32 में ही खत्म हो गया। फिलाडेल्फिया में खेले गए मुकाबले में पराग्वे ने 120 मिनट तक 1-1 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। मैच के पहले हाफ में ज्यादातर समय गेंद पर जर्मनी का कब्जा रहा, लेकिन पराग्वे की मजबूत डिफेंस ने काई हैवट्र्ज, फ्लोरियन विर्ट्ज और लेरॉय साने को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

42वें मिनट में पराग्वे ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाया। मैनुअल नोयर ने शुरुआती हेडर को पंच किया, लेकिन गेंद फिर पराग्वे के पास पहुंची। मटियास गलार्सा के शानदार क्रॉस पर जूलियो एनसिसो ने हेडर लगाकर





टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरुआत में जर्मनी ने जोरदार वापसी की। 54वें मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज के क्रॉस पर काई हैवट्र्ज ने हेडर के जरिए स्कोर 1-1 कर दिया।

इसके बाद जर्मनी लगातार विजयी गोल की तलाश में हमले करता रहा। अतिरिक्त समय में जोनाथन ताह ने गोल भी किया, लेकिन वॉलडेमार एंटोन द्वारा फाउल किए जाने के कारण गोल रद्द कर दिया गया। 120 मिनट के बाद स्कोर 1-1 ही रहा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ।

पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो पेनल्टी बचाकर टीम की जीत के सबसे बड़े हीरो बने। वहीं जोसे कनाले ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर चार बार की चैंपियन जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।अब पराग्वे का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा।

गुस्तावो गोमेज (पराग्वे): इस भावना को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मुझे अपनी टीम और पूरे समूह पर गर्व है। हमने साबित किया कि हमारी एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जर्मनी को हमें हराने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी।

ऑरलैंडो गिल (पराग्वे गोलकीपर): यह अविश्वसनीय एहसास है। हमने हर पेनल्टी लेने वाले खिलाड़ी का अच्छी तरह अध्ययन किया था। भगवान का शुक्र है कि मैं दो पेनल्टी बचा सका। हमने एक विश्व चैंपियन को बाहर किया है और यह जीत पूरे पराग्वे को समर्पित है।

## सिनेमा

# 'AI की वजह से होती है पानी की कमी', बोलीं अर्चना पूरन सिंह, बढ़ती टेक्नोलॉजी पर उठाए सवाल



आज की डेट में नई-नई टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी आसान तो कर रही हैं, मगर साथ ही साथ कुछ तकलीफें भी पैदा कर रही हैं. हाल ही में टेक्नोलॉजी की वजह से बढ़ती परेशानी का एक उदाहरण बॉलीवुड एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह और उनके परिवार ने साझा किया. उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को लेकर बड़ा दावा किया है. सोशल मीडिया पर अर्चना पूरन सिंह और उनके दोनों बेटे आर्यमन-आयुष्मान ने कहा है कि AI की वजह से धरती पर पानी की कमी हो रही है. उनके मुताबिक AI से जितने सवाल पूछे जाएंगे, वो उतना पानी पीता जाएगा. ये मुद्दा मुंबई में पानी की कमी के कारण उठा. उनका परिवार मलाड एरिया में घूम रहा था, जहां पानी की काफी किल्लत हुई. बारिश ना आने की वजह से मुंबई के कई जगहों पर पानी की समस्या बढ़ी. इसपर अर्चना के छोटे बेटे आयुष्मान सेठी ने कहा- हमारे पास AI जैसी चीजें मौजूद हैं, और हम तब भी मामूली जरूरतों को पूरा कर सकें, ऐसा कुछ नहीं कर सकते. उनकी बात सुनकर भाई आर्यमन ने कहा कि AI ज्यादा पानी पी रहा है. इसमें अर्चना ने भी अपना पक्ष रखा. उन्होंने कहा, 'AI के जो टूल्स होते हैं वो काफी पानी पीते हैं, जिससे पानी की किल्लत बढ़ती है.

## Highlights

1. Skydeck project faces land dispute over sites allotted to disabled
2. Pakistani national held after crossing LoC in J&K
3. Fire breaks out in Noida residential building after suspected AC blast
4. Tourists fined ₹2 lakh for driving into Ladakh's Pangong Lake, protected areas
5. Seven held with 308 grams of MDMA in Kerala
6. Pan masala, gutka to be banned if intoxicants found: K'taka CM
7. 19-month-old baby loses vision after MP doctor puts drops for phlegm in eyes
8. Toddler loses vision after wrong medicine in MP
9. IMD issues orange alert for coastal K'taka; heavy rain till July 2

# India rolls back auto fuel curbs from July 1 as Hormuz supply crisis eases



**NEW DEIHI, (Agency).** The government on Monday announced that effective July 1, it will lift restrictions on state-run oil companies selling auto fuels to bulk consumers and scrap the 200-litre daily limit per vehicle for diesel sales.

The restrictions were introduced on June 12 against the backdrop of severe disruptions in global energy supply due to the blockade of the Strait of Hormuz and a wide difference in the price of retail fuel prices and those applicable to bulk consumers.

The temporary measures helped ensure adequate availability of petrol and diesel across the country while safeguarding the interests of retail consumers. Their withdrawal reflects the improvement in the supply situation and the restoration of normal supply arrangements, the government said in a statement on Monday.

“Government continued to shield retail consumers from the sharp increase in international fuel prices by maintaining stable retail prices of petrol and diesel. This led to a significant price difference between retail fuel prices and those applicable to bulk consumers. Consequently, certain industrial, commercial and institutional consumers began procuring fuel through retail outlets, leading to instances of diversion, hoarding and black marketing, which affected the equitable distribution of fuel,” the ministry statement said.

To address this situation, temporary regulatory measures was introduced on June 12, it said. As part of this exercise, the government directed industrial, institutional and commercial consumers to only procure fuel through designated consumer pumps instead of retail outlets.

“The measures were aimed at preventing black marketing, hoarding and diversion of diesel while ensuring uninterrupted availability of petrol and diesel to retail consumers,” it added.

“Following a review of the supply situation of petroleum products in the country, the Government has concluded that the temporary regulatory measures are no longer required in the public interest. Accordingly, the Order dated 12th June, 2026 stands withdrawn with effect from 1st July, 2026,” it said.

Monday’s announcement comes days after the government on June 25 lifted restrictions on the commercial supply of liquefied petroleum gas (LPG) cylinders, and eased the curbs on sale of bulk LPG to industrial customers.

# शराब दुकान पर हुए विवाद के बाद युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब दुकान पर हुए विवाद के बाद एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सिद्धार्थ नगर के समीप स्थित वाइन शॉप की है। विवाद के दौरान एक युवक ने दूसरे पर चाकू से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर एसीपी निधि सक्सेना के मुताबिक सिद्धार्थ नगर निवासी हेमंत उर्फ हेमू जाट (39) पिता राजेंद्र वाइन शॉप पर कृष्णा पाटिल और राजेश चौहान के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर कृष्णा पाटिल ने हेमंत पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने हेमंत पर चाकू से तीन से चार वार किए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल हेमंत को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक हेमंत ई-रिक्शा चलाता था और उसके खिलाफ पहले से चार अपराध दर्ज हैं, जबकि आरोपी कृष्णा पाटिल आदतन अपराधी बताया जा रहा है।



मृतक हेमंत की मां मीना जाट ने बताया कि हेमंत घर से निकलते समय बोला था कि "मम्मी, चौराहे तक जा रहा हूं, थोड़ी देर में वापस आ जाऊंगा।" मां ने साथ चलने की बात कही तो हेमंत ने मना कर दिया और कहा कि वह खुद लौट आएगा। मीना जाट ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वह हेमंत को उसके बच्चों को स्कूल छोड़ने भेजने वाली थी, लेकिन इससे पहले एक व्यक्ति घर पहुंचा और बताया कि बेटे को चोट लगी है। उसने कलारी (शराब दुकान) जाने और फिर थाने जाने की बात कही। जब वह मौके पर पहुंची तो वहां सिर्फ खून पड़ा हुआ था। घटना के बाद हेमंत के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे। मां मीना अपने पोते-पोतियों के साथ वहां पहुंची और बेटे से मिलने के लिए रोती-बिलखती रही। उन्हें जानकारी नहीं थी कि हेमंत की मौत हो चुकी है। हेमंत के दोनों बच्चे कनक और मुस्कान भी अस्पताल पहुंचे। परिवार के मुताबिक दोनों बच्चियों को अभी घटना की पूरी जानकारी नहीं है। हेमंत की दोनों पत्नियों की पहले ही मौत हो चुकी है। हेमंत के बड़े भाई धर्मेंद्र ने बताया कि फोन आने के बाद उन्हें घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि मां को हेमंत से काफी लगाव था और इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

## नवनियुक्त निगम नेता प्रतिपक्ष का भाई गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाई गई सोनिला मिमरोट के पदभार ग्रहण से पहले पुलिस ने उनके भाई बादशाह मिमरोट को उठा लिया। उन्हें रविवार रात गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ पंढरीनाथ थाने में एफआईआर दर्ज थी। उन्होंने पिछले दिनों कलेक्ट्रेट के सामने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान अपशब्द कहे थे। सोमवार को पुलिस ने उसे एसीपी कोर्ट भेजा है। बादशाह मिमरोट उसकी



तैयारी में लगा था, तभी पुलिस ने उसे उठा लिया। पंढरीनाथ टीआई सतीश पटेल ने बताया कि बादशाह मिमरोट को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल उसे एसीपी कोर्ट भेजा गया है। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने और पुलिस अधिकारियों से अभद्रता का मामला सामने आया था। प्रदर्शन के दौरान एक महिला कांग्रेस नेत्री ने सार्वजनिक रूप से पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया था। जांच में बादशाह मिमरोट की भूमिका भी सामने आने पर उसे प्रकरण में आरोपी बनाया गया था। पिछले दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पद की जिम्मेदारी चिंटू चौकसे से लेकर वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट को सौंप दी है।

## पिकनिक मनाने गए थे पानी बढ़ने से फंस गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चोरल नदी में रविवार शाम करीब 6 बजे बड़वाह से 5 किमी दूर सिद्धवरकूट रोड पर चौड़ापाट के पास बड़ा हादसा टल गया। यहां पिकनिक मनाने आए युवक चोरल नदी के बीच में बैठे हुए थे।



लगातार चोरल इलाके में बारिश होने से नदी अचानक पानी बढ़ जाने से तीनों युवक बीच नदी में फंस गए। उनकी किस्मत अच्छी रही थी कि लोगों ने उन्हें देख लिया। फिर स्थानीय युवाओं ने बेल्ट-रुमाल के सहारे रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई। यदि कुछ देरी हो जाती तो वे बह जाते। जानकारी के अनुसार तीनों युवक इंदौर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले थे। इसमें से एक का नाम राहुल निवासी आजाद नगर आया है। वे यहां पार्टी मनाने आए थे, लेकिन तभी अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे स्थानीय युवाओं ने समझदारी दिखाई और अपनी जान पर खेलकर तीनों को सही-सलामत बाहर निकाल लिया। घटना को अपनी आंखों से देखने वाले शिव मुवेल और अनिल केवट ने बताया कि वे शाम को चौड़ापाट से गुजर रहे थे, तभी उन्हें नदी की तरफ से बचाओ-बचाओ की आवाजें सुनाई दीं। जब उन्होंने रुककर देखा तो तीन युवक पानी के तेज बहाव के बीच फंसे हुए थे और चिल्ला रहे थे। उनकी आवाज सुनकर सड़क से गुजर रहे दूसरे राहगीर भी वहां रुक गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक